एलन का विश्व कीर्तिमान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज

■ एक शहर, एक संस्थान में सर्वाधिक 1 लाख 27 हजार 764 क्लासरूम स्टूडेंट्स का रिकॉर्ड

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने एक बार फिर इतिहास रचा है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कॅरियर सिटी कोटा में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के विश्व कीर्तिमान को प्रमाणित किया है। एक शहर में एक ही संस्थान में सर्वाधिक विद्यार्थियों की संख्या के रिकॉर्ड को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

इसका प्रमाण पत्र जारी होने के बाद विमोचन बुधवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संस्थापक निदेशक राजेश माहेश्वरी द्वारा संकल्प कैम्पस में किया गया। इस अवसर पर कोर टीम मैंबर व एलन परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर माहेश्वरी ने कहाकि एलन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक शहर ''कोटा'' के एक संस्थान में सर्वाधिक विद्यार्थियों की संख्या का नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। सत्र 2022-23 में 1 लाख 27 हजार 764 क्लासरूम स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ।

इससे पूर्व 2014 में लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड ने एलन के ही कोटा में 66504 स्टूडेंट्स के रिकॉर्ड को नेशनल कीर्तिमान में दर्ज किया था। इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, एलन परिवार के सदस्यों और सभी शहरवासियों का आभार। सभी के विश्वास, साथ एवं सहयोग से एलन प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

एलन देश ही नहीं वरन संभवत: दुनिया का एकमात्र संस्थान है जहां एक ही शहर में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा है। एलन में बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट स्टूडेंट्स का पूल है तथा पढाई को सपोर्ट करने वाला ऐसा माहौल है जो दुनिया में कहीं नहीं है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का संचालन निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी, चारों भाई मिलकर कर रहे हैं। नेक्स्ट जनरेशन अविरल माहेश्वरी, अमन माहेश्वरी, आनन्द माहेश्वरी, केशव माहेश्वरी व आराध्य माहेश्वरी भी साथ मिलकर कई दायित्व निभा रही है।

इंस्टीट्यूट की शुरुआत कोटा से हुई और वर्तमान में देश के 47 शहरों समेत विदेश के कई शहरों में भी ऑफलाइन स्टडी सेंटर्स के माध्यम से इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहा है। अकादमिक सत्र 2022-23 में क्लासरूम कोर्स में रजिस्टर्ड विद्यार्थियों की संख्या 2.75 लाख से अधिक रही।

एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि 18 अप्रेल 1988 में एलन की पहली क्लास 8 स्टूडेंट्स से शुरू हुई थी। तब सिर्फ एक ही ध्येय था कि विद्यार्थियों को एक ही छत के नीचे सभी विषयों की श्रेष्ठ पढ़ाई करवानी है, जिससे समय की बचत हो सके। एलन 11 हजार से अधिक सदस्यों का परिवार है जो सिर्फ और सिर्फ विद्यार्थियों को केन्द्र में रखते हुए उनका कॅरियर बनाने में जुटे हुए हैं।

एलन मेडिकल व इंजीनियरिंग के साथ-साथ अब कॉमर्स, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस), राजस्थान न्यायिक सेवा (आरजेएस), कैट, कॉमर्स, क्लैट और आईपीमेट की तैयारियां करवाना शुरू कर दिया है। डिजिटल माध्यम से एजुकेशन के क्षेत्र में भी एलन ने कदम रखा है और विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

सार-समाचार

डाटा प्रबन्धन की कार्यशाला सम्पन्न

रामगंजमंडी(निसं)।भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से कोटा देहात जिला महामंत्री नरेन्द्र राजा को डाटा प्रबंधन का जिले का संयोजक बनाया गया था।कोटा देहात जिले की उक्त विषय पर जिला कार्यशाला बारां रोड स्थित तुलसी रिसोर्ट मानपुरा (कोटा) में आयोजित की गई।यह कार्यशाला डाटा प्रबंधन के प्रदेश सह संयोजक कमलेश टांक के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुकुट नागर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद पंवार, पूर्व प्रदेश मंत्री हिरेन्द्र शर्मा, जिला संयोजक डाटा प्रबंधन नरेन्द्र राजा व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.एल.एन शर्मा रहे। कमलेश टांक ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर डिजिटिलाइज किया जा रहा है।इस कार्य को हमें जिला, मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ तक ले जाना है। जिलाध्यक्ष नागर ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग मे हमे भी आधुनिक तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है । नई तकनीक के माध्यम से ही हम कोरोना जैसी महामारी में भी वर्चुअली बैठकें कर कार्य को गति दे सके। जिला संयोजक नरेन्द्र राजा ने कहा कि आने वाले समय में जिले के प्रत्येक मण्डल पर इस विषय पर बैठके आयोजित की जावेंगी। जिसके लिए जिले के सभी मण्डलों में संयोजक,सह संयोजक व आईटी संयोजक की नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा राजस्थान अन्य पिछड़ा विभाग द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार कोटा शहर कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष विनोद पारेता ने ब्लॉक अध्यक्ष दक्षिण ए राम मोहन गोस्वामी, कोटा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष बी अंजनि नंदन नागर (बंटी) एवं कोटा उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष ए जीतू केवट पार्षद एवं ब्लाक अध्यक्ष कोटा उत्तर बी चेतन मेवाड़ा को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, जिला अध्यक्ष विनोद पारेता, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस अनिल सुवालका सहित अन्य पदाधिकारियों ने ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें पार्टी की रीति नीति के तहत कार्य करने के दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही अपने-अपने ब्लॉक में कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आने वाले चुनाव में पार्टी को और भी अधिक मतों से विजय बनाने के साथ ही पार्टी को मजबूत करने एवं कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इस उद्देश्य से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।

पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा

कोटा, (निसं)। एलएचवी एएनएम संग ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीणा और महामंत्री नफीसा बानो संरक्षक कामना सक्सेना व कोटा जिला अध्यक्ष निर्मला कितावत के नेतृत्व में संघ की ओर से 23 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाले महाआक्रोश रैली में शामिल होने को लेकर संघ के सभी पदाधिकारी 23 जनवरी को सामुहिक अवकाश पर रहेगे जिलाध्यक्ष निर्मला कितावत ने बताया कि बुधवार को इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौपकर अवकाश पर रहने एवं संघ की विभिन्न लम्बित मांगों के संबंध में जयपुर में ज्ञापन सौपा जायेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को कोटा में भी वाहन आक्रोश रैली निकाकर विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को ध्यान आकर्षित करवाया। इस रैली में संघ के पदाधिकारी नजमुनिशा रहमानी, अनुसुया मीणा, मधुबाला, आशा मिश्रा, कविता जादौन एवं सतोष गुर्जर शामिल रही। संघ की वर्षो से लम्बित मांग महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की ग्रेड-पे में बढ़ोतरी किये जाने, स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पदनाम एएनएम से बदलकर पब्लिक हेल्थ नर्स ऑफिसर, सर्किल हेल्थ नर्स आफिसर करने एवं प्रदेश में रिक्त पदों को शीघ्र भरवाने का आग्रह किया गया है।

पूर्णाहुति के साथ शिवपुराण कथा का विश्राम

कोटा, (निसं)। महावीर नगर विस्तार योजना स्थित नन्दवाना भवन में चल रही श्री शिव महापुराण कथा की बुधवार को पूर्णाहूति हुई। श्री रामकृष्ण कथा ज्योतिष समिति के तत्वाधान में चल रही कथा में कथावाचक श्री राघव ऋषिजी ने अंतिम दिन भगवान शिव के अर्धनारीश्वर चरित्र की कथा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा की भक्ति जाने अनजाने किसी भी प्रकार की जाए उसका फल समय के अनुकूल भगवान अवश्य देते हैं। इसलिए भक्ति को जीवन में नित्य करते हुए प्रभु चरणों का सानिध्य प्राप्त कर लेना चाहिए। कथा क्रम को सुनाते हुए पूज्यश्री ने कहा कि किरात नाम का एक ऐसा भक्त हुआ जिसने अनजाने में भगवान शिव के पवित्र पावन पर्व शिवरात्रि पर अनजाने में ही शिवलिंग पर कुछ जल की बूंदे और कुछ बिल्वपत्र अर्पित कर दिये। भगवान की भक्ति का शुभ परिणाम हुआ और उसके सम्पूर्ण परिवार की रक्षा भगवान शिव ने कर उसकी भक्ति का मान बढ़ाया। मनुष्य के द्वारा किया गया नाम मात्र का सत्कर्म अनन्त गुना फल देता है। अत: नित्य सत्कर्म करने की आदत डाल लेना चाहिऐं। कथा विश्राम के अवसर पर शिव परिवार की दिव्य झांकी का भक्तों ने दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति के गणमान्य साधक भक्त श्रद्धालु श्रोताओं ने भव्य आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

नवमतदाता अभियान की कार्यशाला संपन्न

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के नव मतदाता अभियान की कोटा शहर जिला कार्यशाला बुधवार अपहराहन मे जीएमए प्लाजा हॉल में संपन्न हुई। जिसमें नव मतदाता अभियान की त्रिस्तरीय संरचना के नवनियुक्त दायित्व वान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार वासुदेव देवनानी रहे, अध्यक्षता शहर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने की। इस दौरान मंचस्थ नव मतदाता अभियान के जिला संयोजक सुरेश सुवालका, जिला महामंत्री जगदीश, जिंदल मुकेश विजय, चंद्र शेखर नरवाल, व्यापार जिला प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन आदि रहे। मंच संचालन युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र मेघवाल तथा धन्यवाद युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ईशु दुबे ने दिया। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत के युवाओं की प्रथम पसंद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं वहां मोदी मोदी गुंजायमान हो जाता है।

जेईई और नीट स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट्स ने सफलता के टिप्स दिए

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि आप क्लास में लगातार पढ़े। टीचर्स की सलाह को फॉलो करें। होमवर्क करते रहें और नोट्स बनाकर रिवीजन करें। कोचिंग में समय-समय पर टेस्ट होते हैं। उनकी रिपोर्ट पर डिस्कशन कर अपनी कमजोरियों को दूर करें तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

वे बुधवार को मोशन एजुकेशन के द्रोणा कैम्पस में 2023 में जेईई और नीट स्टूडेंटस के पहले ओरिएंटेशन सेशन के दौरान संबोधत कर रहे थे। दो सत्र में हुए इस कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल हुए। इसमें जेईई-एडवांस और नीट परीक्षा को क्रेक करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को कोर्स कब शुरू और कब समाप्त होगा, टेस्ट और रिवीजन क्लासेस का शेड्यूल क्या रहेगा, मोशन एजुकेशन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं, तैयारी के टिप्स और बेहतर परिणाम लाने के बारे में बताया गया। नितिन विजय ने विद्यार्थियों को संबोधत करते हुए कहा कि हमेशा याद रखें-आप कोटा में क्यों आए हैं। सलेक्शन के फार्मूले में कोचिंग की भूमिका 40 फीसदी ही है।

60 फीसदी योगदान विद्यार्थी और उनके अभिभावकों का होता है। आपकी सफलता के लिए हमारा कर्तव्य है कि समय से कक्षाएं लगवाकर अनुभवी फैकल्टीज से पाठ्क्रम पूरा करवाएं, अपडेट अध्ययन सामग्री और टेक्नोलॉजी सपोर्ट दें, डाउट क्लीयर करवाएं, नियमित टेस्ट्स लें और रेगुलर मोटिवेशनल सेशन करवाएं। दूसरी ओर विद्यार्थी की ड्यूटी है कि नियमित रूप से कक्षा में जाएं, होमवर्क समय पर पूरा करें, टेस्ट में देकर तैयारी में विश्लेषण कर छूटी कमियां दूर करें और लक्ष्य के प्रति फोकस रहें। माता-पिता का कर्तव्य है कि बच्चे का ध्यान रखें और उनकी गलतियों को पहचान कर दूर करने में मदद करें।

जेईई डिवीजन के ज्वाइंट डाइरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने कहा कि आपको बस अपने टारगेट पर फोकस करना है। बाकी आपकी सफलता के लिए जो जरुरी है हम सब करवा लेंगे। नीट डिवीजन के ज्वाइंट डाइरेक्टर अमित वर्मा ने कहा कि संकल्प कर जब आप लगन के साथ कोशिश शुरू करते हैं और मार्ग में आने वाली बाधाओं का आत्मविश्वास से सामना करते हैं तो कोई भी ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। अकेडमिक हेड जेईई निखिल श्रीवास्तव, अकेडमिक हेड नीट डॉ आशीष माहेश्वरी, दीपक जोशी वाईस प्रेसिडेंट स्टूडेंट सपोर्ट सेल, जेईई हिन्दी डिवीजन के हेड देव शर्मा, अकेडमिक हेड आउटसाइड सेंटर आतिश अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर नीट डिवीज़न ललित विजय, आशीष बाजपेई, जितेंद्र चांदवानी ने भी विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। कंटेंट हेड जयंत चित्तौड़ा ने मोशन लर्निंग एप के बारे में जानकारी दी।

रिवर फ्रंट पर स्थापित किए गए फाउंटेन भी बना रहे हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोचिंग सिटी के साथ कोटा को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए विकसित किए जा रहे दुनिया के पहले हेरिटेज चंबल रिवर फ्रंट का कार्य अब अंतिम दौर में है।

देसी विदेशी पर्यटक ओके आकर्षण के लिए यहां कई विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं देश की संस्कृति, सभ्यता का वैदिक काल से आज तक का चित्र एवं अनुभव रिवर फ्रंट पर विकसित किए जा रहे हैं अलग-अलग थीम पर 27 घाटों पर पर्यटकों को देखने को मिलेगा। रिवर फ्रंट के दोनों और विकसित किए जा रहे हैं विश्व स्तरीय हेरिटेज एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड मैं दर्ज होने वाले मॉन्यूमेंट्स का कार्य अंतिम चरण में है। चंबल रिवर फ्रंट के आर्किटेक्ट अनूप भरतरीया इन दिनों कोटा में कैंप कर लगातार विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के अंतिम चरण की कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं बुधवार को नगर विकास न्यास एसडीआरडी मीणा सचिव राजेश जोशी सहित इंजीनियस की टीम ने बैराज गार्डन सहित रिवर फ्रंट पर कार्यों का जायजा लिया।

विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट पर जहां कई विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहे वही रिवर फ्रंट पर लगाए गए फाउंटेन भी अपने आप में वर्ल्ड रिकॉर्ड है आर्किटेक्ट अनूप भरतिरिया ने बताया कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल का कोटा को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य पूरा होने जा रहा है। बैराज गार्डन की कैसल बिल्डिंग जिसका कार्य अंतिम चरण में है वही बिल्डिंग के नीचे आकर्षक विशाल म्यूजिकल फाउंटेन जो 50 मीटर ऊंचा होने के साथ 4 इंच की पानी की चादर, अत्याधुनिक तकनीक से यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को पानी में खडे रहने का आभास कराएगा।

कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के सुव्यवस्थित संचालन हेतु रेगुलेटरी बॉडी बनानी ही चाहिये : वासुदेव देवनानी

■ 'पेपरलीक मामले में सरकार सम्मिलित है और वह अपराधियों को बचा रही है, जांच सीबीआई से हो'

कोटा, (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी नें कोटा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। देवनानी नें राजस्थान की गहलोत सरकार पर स्पष्टता से आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में कांग्रेस की राज्य सरकार मिली हुई है। वह वास्तविक अपराधियों को बचा रही है। एस ओ जी का सदस्य करोड़ों रुपये के घोटाले में पकड़ा जाता है। जिन पर पेपर लीक के आरोप हैं जिन्हे फरार घोषित किया है वे सरेआम जयपुर में अपना काम कर रहे हैं, घूम फिर रहे हैं। भाजपा का स्पष्ट मानना है कि पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से ही संभव है।

उन्होने कहा है कि राजस्थान में राज्य सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। एसीबी भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को पकड़ती है, राज्य सरकार उन पर अभियोजन चलाने की इजाजत नहीं देती। पूरे प्रदेश में लूटो खाओ चल रहा है। सरकार में बैठे लोग भी जानते है। कि अब दोबारा आना नहीं है। सो भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है।

देवनानी ने कहा कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या का विषय निश्चित रूप से गंभीर है और इस हेतु ठोस रोकथाम प्रयास होनें चाहिये। उन्होनें कहा कोटा में कोचिंग व्यवस्थित हो सकते हैं किन्तु अनेकों जगह पर गली मोहल्लें में बहुत बुरी स्थिती में कोचिंग संचालन हो रहा है। उनमें सब कुछ मनमाना है। न कोई नियम है, न कोई पंजीयन, न कोई फीस संबंधी नियम है, न कोई जबावदेही है। उन्होंनें कहा किसी को भी जबरदस्ती डॉक्टर इंजीनियर नहीं बनाया जा सकता, इसलिये पेरेंटस के साथ, संस्थानों के साथ, छात्र के साथ काउंसलिंग होनी चाहिये, उसकी वास्तविक स्थिती को समझा जाना चाहिये।

वहीं कोचिंग संस्थान भी नियमानुसार चलें इस हेतु नीति बननी चाहिये, कोचिंग इंस्टीटियूट के लिये रेग्यूलेटरी बॉडी बननी ही चाहिये। जब में शिक्षा मंत्री था तब इसके लिये नीति बनाई गई थी किन्तु तब सरकार चली जानें से इसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंनें जनआक्रोश यात्रा, नव मतदाता अभियान एवं सशक्त मण्डल अभियानों पर चर्चा करते हुये दावा किया कि भाजपा दो तिहाई बहूमत से राजस्थान में सरकार बनायेगी।

उन्होंनें कहा पिछले चार सालों से कांग्रेस सरकार में कुर्सी युद्ध चल रहा है, अब तो उनके सचिन पायलेट खुल कर मैदान में उतर आये हैं। वे वेही प्रश्न उठा रहे हैं जो भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ उठा रही है।

देवनानी ने कहा एक सीएम और एक सीएम द्वारा गद्दार कहे जाने वाले नेता, कांग्रेस की तरफ से एसेट होंगे तो उनकी स्थिती जनता में क्या बननी है यह सर्व विविद है। कांग्रेस समाप्त हो चुकी है। दोनों की लड़ाई में जनता पिस रही है। वह इंतजार कर रही है कि कब नवम्बर 23 कब आये और उसे मुक्ति मिले।

कांग्रेस सरकार जाना तय है। पूर्व शिक्षा मंत्री नें कोटा सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की इस दौरान भाजपा के चित्तौड़ जिला प्रभारी हेमन्त विजयवर्गीय, प्रदेशसह संयोजक मीडिया सम्पर्क विभाग अरविन्द सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मणसिंह खीची, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिराज गौतम एवं नयापुरा मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा मौजूद रहे।

कोटा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई

कोटा, (निसं)। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 3 से 5 फरवरी तक पहली बार बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे कोटा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि इस पर्यटन महोत्सव को भव्य रूप में मनाया जाए तथा सभी कार्यक्रमों की स्तरीय प्रस्तुति सुनिश्चित की जाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी सक्रियता से भागीदारी निभाएं। प्रत्येक कार्यक्रम में विभागवार जिम्मेदारी तय की गई है जिसमें विभागीय स्तर पर तैयारियों के साथ आम लोगों को भी अधिक से अधिक जोड़ा जाए। आयोजन के लिए बनाई गई विभिन्न कमेटियों के सदस्य आपस में बैठकें कर समन्वय के साथ कार्यक्रमों की तैयारियों को अन्तिम रूप दें। कार्यक्रमों में नवीनता रहे तथा जन भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। सभी कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं का प्रबन्ध किया जाए।

कोटा महोत्सव में 3 फरवरी को प्रात: 10 बजे बम ढोल रसिया कलाकारों के दल एवं चकरी व सहरिया नृत्य के कलाकारों की प्रस्तुति के साथ उद्घाटन होगा। जिसमें पहली बार सैकड़ों कलाकार एकसाथ प्रस्तुति देकर रिकॉर्ड बनाएंगे। इसमें साफा बांध प्रतियोगिता, दादा-पोता दौड़, रस्सा-कस्सी, मटका दौड़, मूंछ प्रतियोगिता तथा एडवेंचर गतिविधियां महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित होंगी। इसी दिवस किशोर सागर की पाल पर फ्लॉवर शो, आर्ट गैलेरी में फोटो प्रदर्शनी, रंगोली, मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होंगी। उम्मेद क्लब मैदान में फूड फेस्टिवल, किशोर सागर में सायं 6:30 चम्बल आरती तथा उम्मेद सिंह स्टेडियम में सांय 7 बजे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 4 फरवरी को अभेड़ा महल में प्रात: 8 बजे नेचर वॉक, महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में प्रात: 9 बजे एडवेंचर गतिविधियां, किशोर सागर तालाब में प्रात: 11 बजे आर्मी बैंड एवं आर्मी वाटर शो, किशोर सागर पाल पर फ्लॉवर शो, आर्ट गैलेरी में फोटो प्रदर्शनी, रंगोली, मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होंगी। उम्मेद क्लब मैदान में फूड फेस्टिवल, किशोर सागर की पाल पर सायं 6 बजे कोटा डोरिया साड़ी का फैशन शो तथा महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। 5 फरवरी को महात्मा गांधी स्कूल से गढ़ पैलेस तक हैरिटेज वॉक, किशोर सागर की पाल पर फ्लॉवर शो, आर्ट गैलेरी में फोटो प्रदर्शनी आयोजित होंगी। किशोर सागर की पाल पर सांय 4 बजे डोग शो तथा महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम सायं 7 बजे भव्य सांस्कृतिक संध्या व आतिशबाजी के साथ समापन होगा। कोटा महोत्सव में पुष्प प्रदर्शनी के साथ-साथ संस्थागत् आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पुष्प आमंत्रित किए जाएंगे।

ऑपरेशन शिविर का समापन

कोटा, (निसं)। सिन्धु सोशल सर्किल कोटा की स्थापना के 34वें वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत डी डी नेत्र सेवा फाउंडेशन के द्वारा चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, कोटा व जिला अन्धता निवारण समिति, कोटा के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का बुधवार को नया नोहरा में समापन समारोह आयोजित किया गया।

शिविर की ओ पी डी कोटा में, ए सी वाले गणेश जी हॉल, श्री कृष्ण मुरारी गौशाला दादाबाड़ी रोड पर हुई थी जिसमें 252 की जांच की गई, इसमें से 33 के ऑपरेशन संपन्न हुए। सर्किल के सचिव किशन रतनानी ने बताया कि इस शिविर के प्रायोजक नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट था, जिन्होंने समाजसेवी दादा निहचलदास नैनानी की स्मृति में यह शिविर सिन्धु सोशल सर्किल व सिन्धु महिला सर्किल के सहयोग से आयोजित किया। समापन समारोह में सर्किल अध्यक्ष बंसीलाल साधवानी और नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट के लक्ष्मण नैनानी ने डॉ डी डी वर्मा सहित पूरी टीम का स्वागत किया। सचिव किशन रतनानी व सलाहकार राज ठाकुर ने स्मृति चिन्ह भेंट किए।

चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

कोटा, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा के निर्देशन में बुधवार को ग्राम पंचायत श्यामपुरा में 360 बीघा चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई।

ग्राम श्यामपुरा में सात सौ बीघा से अधिक भूमि पर फसल बोकर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए सरपंच दीपक पारेता द्वारा उपखण्ड अधिकारी सांगोद से प्रार्थना की गई। इसके उपरान्त उपखण्ड अधिकारी के निर्देशानुसार प्रथम चरण में ग्राम श्यामपुरा में मुनादी के माध्यम से नियत समय में अतिक्रमियों को स्वत: ही अतिक्रमण हटाने के लिए पाबन्द किया गया तथा अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई।

समयावधि समाप्त होने के उपरान्त बुधवार को उपखण्ड अधिकारी ने प्रशासनिक टीम का गठन किया और अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए मौके पर पहुंचे। 21 अतिक्रमियों द्वारा लगभग 360 बीघा चारागाह भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए उपखण्ड अधिकारी द्वारा समझाईश की गई।

इसके उपरान्त अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर सहमति व्यक्त की गई जिसके उपरांत चारागाह भूमि की सीमा पर दो जेसीबी मशीन चला कर भूमि के चारों तरफ जमीन पर गढ्ढे किये गए जहां पंचायत को पत्थरों की सहायता से भूमि की निशानदेही करने के निर्देश दिए गए ताकि भविष्य में अन्य कोई भी व्यक्ति चारागाह भूमि पर अतिक्रमण नही कर सके।

मौक़े पर संपूर्ण कार्यवाही के दौरान उपखण्ड अधिकारी के अतिरिक्त मौके पर तहसीलदार सांगोद जगदीश शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक विकास मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक रमेशचंद वर्मा, पटवारी रामकल्याण, कनिष्ठ अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, सरपंच ग्राम पंचायत श्यामपुरा दीपक पारेता एवं अन्य उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यवाही के उपरान्त अतिक्रमियों द्वारा बोई गई फसल को सरपंच के सुपुर्द किया गया तथा उपखण्ड अधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया कि संपूर्ण ग्राम पंचायत की लगभग 700 बीघा चारागाह भूमि है जिसमें से यदि 250 बीघा भूमि पंचायत द्वारा प्रस्ताव लेकर मुनाफा काश्त पर दी जाती है तो उससे होने वाली आमदनी को गांव की चारागाह भूमि के विकास कार्य के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ग्राम पंचायत के शेष ग्रामों की चारागाह भूमि को भी अतिक्रमण मुक्त करवाया जाएगा।

साथ ही ग्रामवासियों द्वारा मौक़े पर अवगत कराया कि मंदिर के सामने सीधा रास्ता भी लोगों द्वारा बंद कर रखा है, उपखण्ड अधिकारी ने दो दिवस में उस रास्ते पर मशीन एवं ट्रैक्टर चलाकर खुलासा कर सुगम बनाने के भी निर्देश दिए।

ग्राम पामलाखेडी से नागराखेडी जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमियों द्वारा सडक के किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके सार्वजनिक निर्माण विभाग सांगोद द्वारा सडक निर्माण करने में बाधा उत्पन्न करने की घटना पर संज्ञान लेते हुए उपखण्ड अधिकारी सांगोद द्वारा अतिक्रमियों को कार्यालय में उपस्थित होने के लिए पाबन्द किया गया।

कार्यालय में उपस्थित होने के उपरान्त उपखण्ड अधिकारी द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रण हटाने के लिए अतिक्रमियों की समझाईश की गई। इस पर अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए सहमति व्यक्त की गई। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी द्वारा तहसीलदार सांगोद को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

तहसीलदार सांगोद जगदीश मीणा द्वारा मौके पर पहुंच कर जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया तथा सडक निर्माण का कार्य प्रारम्भ करवाया गया। कार्यवाही के दौरान मौके पर भू अभिलेख निरीक्षक विकास मीणा, पटवारी राजेन्द्र सिंह, कनिष्ठ सहायक सार्वजनिक निर्माण विभाग सांगोद उपस्थित थे।

राम के वनगमन की कथा सुन श्रद्धालु भावुक हुए

कोटा, (निसं)। श्रीराम जानकी मन्दिर समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के आज सप्तम दिवस पर वृन्दावन से आये रसिक व्यासपीठ श्री आयुष जी महाराज ने सजीव चित्रण के साथ राम के वनगमन की कथा बडे ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम को पांच कारणों से जाना पड़ा था वनवास। पहला कैकयी ने हमेशा राम को अपने पुत्र भरत के समान ही प्रेम किया। कभी भी कैकेयी ने राम के साथ कोई भेदभाव नहीं किया, यही वजह थी कि जब राम के वन जाने का पता भरत को चला तो वह हैरान हुए थे कि माता कैकेयी ऐसा कैसे कर सकती है। दूसरा कारण भगवान राम का जन्म रावण वध करने के उदेश्य से हुआ था, अगर राम राजा बन जाते तो देवी सीता का हरण और इसके बाद रावण वध का उदेश्य अधूरा रह जाता। तीसरा कारण मंथरा की जुबान से देवी सरस्वती बोल रही थी।

पश्चिम मध्य रेल

सं. M-324-2-6-Stripping-4RE

दिनांकः 14.01.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **टेण्डर सं.:** M-324-2-6-Stripping-4RE, **कार्य का विवरणः** माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा पश्चिम मध्य रेलवे में ''एमएस और एसएस वैगनों (बॉक्सएन/बीसीएन/बीवीजेडसी/बीसीएनए/बी वी जे डआई/बॉक्सएनआर/बो स्ट/बॉक्सएनएचएल/बॉक्सएनएल डब्लू/बीसीएनएचएल आदि) और अन्य कोई भी वैगन जिसमें बॉडी वर्क का कार्य है की स्ट्रिपिंग का 12 महीने की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा करवाना।, **अनुमानित लागत (₹ में):** 1,42,74,960/-, **निविदा प्रपत्र राशि (₹ में):** निल, **बयाना राशि (₹ में):** 2,21,400/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बंद व खुलने का समय व तारीखः** बन्द 11:30 बजे दिनांक 13.02.2023 व खुलेगी 12:00 बजे दिनांक 13.02.2023, **नोटः** ई-निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मा.डि.म.कारखाना पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।